# महिलाओं के विरुद्ध हिंसा समाप्त करने के लिए अभियान

## 25 नवंबर - 10 दिसंबर 2024

## "हिंसा नहीं, सम्मान चाहिए, बहाने नहीं, बदलाव चाहिए"

महिलाएं और लड़कियां अक्सर हिंसा और अत्याचार का सामना करती हैं, चाहे वह घर में हो, समाज में, स्कूल में या कार्यस्थल पर। हर तीन में से एक महिला अपने जीवनकाल में किसी न किसी रूप में हिंसा झेलती है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसे रोकना बेहद जरूरी है।

महिलाओं पर हो रही शारीरिक, यौनिक और आर्थिक हिंसा को खत्म करने के लिए इसे एक सामाजिक मुद्दा बनाना और मिलकर इसके खिलाफ आवाज उठाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से हर साल **"25 नवंबर से 10 दिसंबर"** तक दुनियाभर में महिलाओं पर हिंसा रोकने और समानता के समर्थन में अभियान चलाया जाता है। इस अभियान का मकसद है हिंसा को रोकना और पीड़ित महिलाओं और लड़कियों को न्याय दिलाना।

**इस अभियान के मुख्य उद्देश्य:**

- महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की व्यापकता और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- हिंसा को रोकने और प्रभावी समाधान के लिए सख्त कानूनों, नीतियों, और उनके उचित क्रियान्वयन की वकालत करना।
- सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित कर हिंसा के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना।
- संघर्षशील महिलाओं की जरूरतों और आवाज़ को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सशक्त बनाना।
- बाल विवाह और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सांस्कृतिक मान्यताओं और रूढ़ियों को चुनौती देना।
- जेंडर-संवेदनशील (सामाजिक लिंग) शिक्षा और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना।
- घटते बाल लिंग अनुपात के मुद्दे पर जन-जागरूकता।
- घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पर जानकारी व जागरुकता फैलाना।
- महिलाओं को भूमि पर अधिकार मिलें व सरकारी योजनाओं में एकल महिलाओं को प्राथमिकता मिले।
- कामगार महिलाओं के कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न समिति का गठन व क्रेच की सुविधा मिले।

**युवाओं और पुरुषों के नाम सन्देश :**

- महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करें और हिंसा के खिलाफ खड़े होकर समाज में बदलाव लाने में योगदान दें।
- महिलाओं को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करें, चाहे वह घर, कार्यस्थल या समाज में हो।
- महिलाओं के प्रति संवेदनशील और सम्मानपूर्ण रहें, ताकि एक हिंसा-मुक्त और समान समाज बन सके।
- हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज़ उठाएं और महिलाओं के खिलाफ नफरत या भेदभाव की सामग्री का विरोध करें।
- महिलाओं के सपनों और निर्णयों का समर्थन करें और अपने व्यवहार से समाज में सकारात्मक उदाहरण पेश करें।
- महिलाओं को अपनी बात रखने और निर्णय लेने का पूरा अधिकार दें, ताकि वे स्वतंत्रता और सम्मान से जी सकें।
- महिलाओं की भावनाओं को समझें और उन्हें समर्थन दें, ताकि वे आत्मविश्वास से अपने सपनों को साकार कर सकें।
- अपने व्यवहार से दूसरों के लिए एक आदर्श उदाहरण बनें, ताकि समाज में प्रेम, समानता और सुरक्षा का माहौल बने।

आइये महिला पर हिंसा को खत्म करने का संकल्प लें। **25 नवम्बर से 10 दिसम्बर के अभियान** में अपनी भागीदारी व योगदान दें। अपनी चुप्पी तोंड़ें, महिला पर हिंसा के खिलाफ आवाज उठायें, महिलाओं व लड़कियों को हर स्तर पर बराबरी का मौका, भागीदारी अवसर व सम्मान दिलाऐं।

## "हाथ मिलाएं, हिंसा मिटाएं – महिला और पुरुष साथ आएं!"

**हेल्प लाइन नम्बर-**

**महिला पुलिस हेल्पलाईन- 1090, चिकित्सा हैल्पलाईन - 108, चाईल्ड हैल्पलाईन- 1098, मुख्यमंत्री पोर्टल हेल्पलाईन- 1905, वन स्टॉप सेन्टर (सखी)- 181, पुलिस बुलाओ हैल्पलाईन- 112, खुशियों की सवारी हैल्पलाईन - 102**

ARPAN
ASSOCIATION FOR RURAL PLANNING AND ACTION

Rebuild INDIA FUND